# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पुल खुलते ही अपने वतन लौटने का उत्साह दिखा नागरिकों में

**मुहिम**

## जिला प्रशासन पिथौरागढ व नेपाल के बैतडी प्रशासन की मुहिम रंग लाई

■अंतरराष्ट्रीय झूला पुल को चार घंटे के लिए खोला गया

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। भारत नेपाल के मध्य झूलाघाट के अंतरराष्ट्रीय झूला पुल को चार घंटे के लिए खोला गया था। वही काफी तादात में नेपाल से कई भारतीय नागरिक भारत पंहुचे। वही दूसरी ओर पुल खुलते ही अपने वतन लौटने का उत्साह नेपाली नागरिकों में देखने को मिला।

बता दें कि जिला प्रशासन पिथौरागढ़ व नेपाल के बैतडी प्रशासन के आपसी प्रयासों के चलते तीन तिथियों में 28 29 व 30 में अंतराष्ट्रीय पुल को चार घंटे के लिए खोलने के प्रयास किये। भारत से दो दिन के भीतर करीब 972 नेपाली नागरिक अपने अपने वतनों को लौटे। दूसरे दिन 8 भारतीय नागरिक झूलापुल खुलते ही भारत लौटे है। जानकारी के मुताबिक विगत चार दिनों से पिथौरागढ चंपावत अल्मोड़ा,बागेश्वर से आकर झूलाघाट मजिरकांडा कानडी व गिठिगडा के जंगलों में भूखे प्यासे रह रहे 1472 नेपाली नागरिकों को उनके देश भेजा गया। सभी नेपाली नागरिकों की चिकित्सा कर्मियों के द्वारा लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में थर्मल स्क्रीनिंग भी की गई। इन नेपाली नागरिकों का झूलाघाट के स्थानीय नागरिकों द्वारा भोजन भी कराया गया।



इस मौके पर थानाध्यक्ष महेश चन्द के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा इन नेपाली नागरिकों की सूची तैयार कर उन्हें नेपाल भेजने के समुचित प्रयास किये गये। सांय साढ़े पांच बजे के बाद पुल को बंद कर दिया गया। स्थानीय डा. प्रकाश पंगरिया द्वारा इन नेपाली नागरिकों का स्वास्थ परीक्षण भी किया गया। पुल खुलते ही नेपाली नागरिकों को स्थानीय लोगों द्वारा भोजन के पैकेट भी दिये गये। पुल में नेपाल की तरफ से नेपाली पुलिस सशस्त्र बल व नेपाल सेना के जवान और बैतडी स्वास्थ विभाग की टीमें मौजूद रही।

भारत की ओर से मजिरकांडा की ग्राम प्रधान किरण भट्ट, पुलिस के एसओ महेश चन्द, एसआइ संजय विश्वकर्मा व डा. प्रकाश पंगरिया,हेम भटट व एसएसबी के निरीक्षक रणवीर सिह मौजूद रहे। काफी जद्दोजहद के बाद पिथौरागढ़ प्रशासन व नेपाल के बैतडी प्रशासन के आपसी सहयोग की वजह से अंतरराष्ट्रीय झुलापुल के खोले जाने व अपने अपने वतन को लौटने वाले नेपाली नागरिकों में उत्साह की झलक देखने को मिली।

प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक शनिवार को भी झूला पुल दोपहर बारह बजे से सांय चार बजे तक खेले जाने के समाचार मिले है। वही नेपाल को वापसी करते हुए नागरिकों ने पिथौरागढ़ प्रशासन व नेपाल प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया है।

## न्यूज डायरी

### वाट्सएप ग्रुप बनाकर तल्ला जौहार के लोग मदद को आगे आये

**संवाददाता** पिथौरागढ। बाहर से लौट रहे प्रवासियों की मदद के लिए तल्ला जौहार के लोगों ने वाट्सप ग्रुप बनाकर लोगों की मदद के लिए दो लाख नब्बे हजार की राशि जुटाई हैं। इस एकत्रित धनराशि से 400 से अधिक लोगों के लिए भोजन का इंतजाम किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शहरों में अब रोजगार छिन जाने से लोग गांवों की ओर आ रहे है। क्षेत्र के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस कार्य में जुटकर क्षेत्र में लौट रहे प्रवासियों की हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है। इस सेवा में जुटने वाले लोगों में पूरन सिह, प्रकाश दरपान, दिनेश व खुशाल सिह शामिल है।

### गंगोलीहाट की विधायक ने बढ़ाये मदद को हाथ

**संवाददाता** पिथौरागढ़। कोरोना संकट को देखते हुए गंगोलीहाट की विधायक मीना गंगोला ने अपने एक साल का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया है। बता दें कि मीना गंगोला ने कोरोना महामारी के चलते सचिव विधानसभा को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए अपना मार्च 2021 तक वेतन मुख्यमंत्री कोष में देने की संसुति भेजी है। क्षेत्र के लोगों ने उनका आभार जताया है।

### जिले में महिलाओं की समस्याओं का समाधान करेगी महिला चीता टीम

**संवाददाता** पिथौरागढ़। नए कोतवाल रमेश सिंह तनवार ने जिले की महिलाओं की समस्या के त्वरित समाधान करने के लिए महिला चिता पुलिस का गठन किया है। बता दें कि ये टीम अब जिले की महिलाओं की समस्या को हर संभव भरसक प्रयास करने के लिए तैयार रहेगी। यह जानकारी स्वयं कोतवाल के द्वारा मीडिया को दी गई है।

### भेड़पालकों को इनर लाइन पास मिलना बडा सौभाग्य का विषय

**संवाददाता** पिथौरागढ़। विगत एक माह से भेडपालकों को इनर लाइन पास मिलने का इंतजार कर रहे भेडपालकों को शासन ने पास निर्गतकरने की देर रात अनुमति दे दी है। कुमाउ कमिशनर अरविंद हयांकी ने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ व धारचूला के उपजिलाधिकारी को इस बावत आदेश की प्रतिलिपि कापी भेज दी है। क्षेत्र मुंसयारी व धारचूला के बुग्यालों में खुशी का माहौल देखने को मिला है। क्षेत्र के भेड़पालकों ने शासन की अनुमति मिलने को क्षेत्र के लिए बड़े सौभाग्य का विषय बताया है। मुसयारी से जिला पंचायत सदस्य जगत सिह मर्तोलिया के प्रयासों की क्षेत्र के भेड़पालकों ने सराहना की है।

### दुष्कर्म का आरोपी आया पुलिस की हिरासत में

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले की तहसील के सल्ला पट्टी क्षेत्र से गांव की स्थानीय महिला से दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बता दें कि मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर आरोपित रविन्द्र कुमार को बिसाड जाने वाली रोड से पुलिस ने हिरासत में लिया।

बता दें कि राजस्व पुलिस ने 24 मई को ये मामला रेगुलेर पुलिस को सौपा। देर सांय को आरोपी को पकड़कर भादवि धारा 376 323 व 501 के तहत मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। अरोपी युवक को न्यायालय में पेशी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### रामा गांव के प्रधान विष्णु सेमवाल को भी तेंदुए ने किया घायल

**संवाददाता** पुरोला। पंथाल,रामा व बेस्टी गांव समेत रामा सिराई पट्टी के दर्जन भर गांव में बीते दो सप्ताह से आंतक का प्रर्याय बने तेंदुए ने शुक्रवार को देर रात तक गस्तकर रहे वनकर्मियों व ग्रामीणों को खुब दौडा किंतु वन विभाग के पिंजरा लगाने का प्रयास भी तेंदुए को नहीं घेर पाया। जबकि पिछले 24 घंटे में शुक्रवार सांय से तेंदुआ झाड़ियों में छुपा हुआ है। राम के पूर्व प्रधान किशन सिंह ने कहा कि तेंदुआ दो हफ्ते से रामा,बेस्टी व पंथाल गांव, रामा बैंड क्षेत्र में घूम रहा है। शुक्रवार को तेंदुए ने प्रधान समेत 6 लोगों को घायल कर दिया। तेंदुआ ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। लोग तेंदुए के डर के कारण खेत व जंगल में भी नहीं जा पा रहे हैं। डीएफओ सुबोध काला ने बताया कि रामा,बेस्टी पंथाल गांव के जंगल में गस्त बढा दी गई है।



### विधायक ने कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** पुरोला। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार ने शनिवार को क्षेत्र के पुलिसकर्मियों व चिकित्सकों स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना योद्धा के रूप में पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया साथ ही सभी पुलिस व स्वास्थ्य कर्मचारियों को मास्क,सैनिटाइजर वितरित कर महामारी से लड़ने को किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। शुक्रवार को विधायक राजकुमार ने पुरोला पुलिस चोकी में पुलिसकर्मियों पर पुष्प वर्षा व पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित कर मास्क व सैनीटाइजर बांटे बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी चिकित्सकों,स्वास्थ्य कर्मियों पर भी फूल वर्षा कर महामारी से लडने पर तमाम योद्धाओं के कार्यो की सराहना की। विधायक ने चिकित्सालय में डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आरसी आर्य को मास्क व सैनीटाइजर भी सौंपे।

# अधिवक्ता हितों के लिए न मिली जमीन और न मिला पैसा

■सरकार अधिवक्ताओं के हितों को जारी करें 78.50 लाख रूपये

**संवाददाता**

देहरादून। बार एसोसिएशन दून के कार्यकारिणी सदस्य व अधिवक्ता अरूण खन्ना ने कहा है कि लॉक डाउन के दौरान अधिवक्ताओं के समक्ष उत्पन्न हो रहे आर्थिक संकट के निवारण हेतु जनहित याचिका दायर की गई थी जिसका संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय द्वारा सरकार से जवाब दाखिल करने के आदेश पारित किए गए थे जिसका जवाब देते हुए सरकार द्वारा उच्च न्यायालय को अवगत कराया गया कि अधिवक्ता हित में सरकार ने 78.50 लाख रुपये जारी कर दिए हैं व बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के माध्यम से जरूरतमंद अधिवक्ताओं को यह राशि वितरित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा समाचार पत्रों में भी प्रकाशित करवाया गया कि सरकार ने बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड को 78.50 लाख रुपये अधिवक्ता हितों के लिए रिलीज कर दिए गए हैं जिससे कई अधिवक्ताओं में कुछ उम्मीद की किरण ज्वलित होने लगी थी पर बताते हुए बड़ा खेद हो रहा है कि आज हमें सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ कि सरकार द्वारा अभी तक अधिवक्ता हितों के लिए दी जाने वाली राशि पर कोई विचार नहीं हुआ है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी प्रकार की एक भ्रामक घोषणा उत्तराखंड सरकार द्वारा वर्ष 2018 में भी की गई थी जिसमें सरकार ने घोषणा की थी कि पुरानी जेल परिसर में अधिवक्ताओं के चेम्बर के लिए पांच बीघा जमीन आवंटित कर दी गयी है व सरकार के मंत्री मदन कौशिक द्वारा स्थल पर आनन फानन में शिलान्यास भी कर दिया गया था पर मौके पर छोड़ो अभिलेखों में आज तक भी वह जमीन अधिवक्ताओं के नाम अंकित व स्थानांतरित नही की है।

उन्होंने उत्तराखंड सरकार से अनुरोध किया है कि अधिवक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए पूर्व में घोषित 78.50 लाख रुपये जल्द रिलीज किया जाये ताकि जरूरतमंद अधिवक्ताओं को बार काउंसिल के माध्यम से जल्द सहायता मिल सके।

### लोनिवि ने जेसीबी से ध्वस्त की अवैध निर्माण की तीन दुकानें

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला–नौगांव मुख्य मोटर मार्ग पर अवैध दुकानों के निर्माण को लोनिवि ने शुक्रवार को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। जमीन कब्जाने वाले का कोई पता नहीं चल पाया। दो सप्ताह पूर्व तहसील मुख्यालय से महज 500 मीटर दूरी पर पुरोला–नौगांव मुख्य मार्ग पेट्रोल पंप के सामने किसी अंज्ञात व्यक्ति ने रातों–रात टीन सैड नूमा तीन दुकानें खडी कर दी जिस पर किसान संघ ब्लाक अध्यक्ष प्रकाशकुमार,दुगन किशोर आदि ने एसडीएम मनीष कुमार माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप सरकारी जमीन पर किये अबैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों को हटानें की मांग की थी। जिसे शुक्रवार को लोनिवि ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। सहायक अभियंता लोनिवि सोनू कुमार त्यागी ने बताया कि किसान संगठन के ज्ञापन का संज्ञान लेकर पेट्रोल पंप मालिक को अबैध कब्जा कर दुकान बनाने वालों का नाम बताने को लेकर नोटिस दिया गया था किंतु निर्माण करनें वालों का पता नहीं चला। शुक्रवार को जेसीबी से दुकानों को गिरा दिया गया है।